(2) ये पहाड़ी छायाएँ एकसी हैं, किंतु हर जगह इनके पल छिन बदलते रंगों को देखा है। जाखू की पहाड़ियों पर स्कूल के कमरे की खिड़की से बाहर इन्हें धीरे-धीरे धूप के संग उतरते देखा है। बहुत बरसों बाद कोटगढ़ के सेब के बगीचों में लेटे हुए पेड़ों की सरसराती टहनियों पर, रानीखेत में चीड़ की सुईनुमा नुकीली पत्तियों की जाली से इन्हें चुपचाप छनते, झरते देखा है।

अथवा

नगर के ताम-झाम और भीड़-भड़क्के से दूर इस शृंग से श्रेष्ठ स्थान अपनी सांस्कृतिक यात्रा की शुरुआत के लिए और हो भी क्या सकता है ? भूस्तर से 695 फुट ऊँची यह चोटी प्रदूषण से कितनी दूर है। यहाँ बहती ठण्डी ब्यार कैसी सुहा रही है। कालचक्र ने फागुन से चैत्र में प्रवेश कर लिया है। फगुआ के रंग तो बस तात्कालिक थे। प्रकृति के कैनवास पर बिखरे ये रंग तो चिरस्थायी हैं, उन्हें समय का अंतराल भला कैसे फीका कर सकता है ?

2. हिंदी यात्रा साहित्य का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 15

अथवा

हिंदी यात्रा साहित्य का वर्गीकरण करते हुए प्रमुख उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।

3. स्वतंत्रता पूर्व हिंदी यात्रा साहित्य के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

21वीं सदी के यात्रा साहित्य और भूमंडलीकरण के अंतर्संबंध पर विचार व्यक्त कीजिए।

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

4. किन्नर देश में यात्रा वृत्तांत के माध्यम से यायावर ने हिमालय के आर्थिक व धार्मिक पक्षों का वर्णन किया है। विस्तार सहित लिखिए। 15

अथवा

'अरे यायावर रहेगा याद' यात्रा वृत्तांत के राजनीतिक एवं सामाजिक पक्ष पर विचार कीजिए।

5. निर्मल वर्मा कृत 'चीड़ों पर चाँदनी' यात्रा वृत्तांत का महत्व स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

'कामाख्या क्षेत्रें गुवाहाटी नगरे' यात्रा वृत्तांत के सांस्कृतिक पक्ष को उद्घाटित कीजिए।

6. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए : 7+7=14

(1) स्वामी सत्यदेव परिव्राजक

(2) यात्रा साहित्य का महत्व

(3) तीर्थयात्रीं, यायावर व पर्यटक

(4) विदेशी यात्राओं का महत्व।

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

(13)

[This question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No.....

K

Sr. No. of Question Paper : 10682

Unique Paper Code : 2053100015

Name of the Paper : Kabirdas

Name of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi – DSE**

Semester : V

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. किन्हीं **तीन** पदों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। (8×3=24)

(क) कबीर सीप समंद की, रटै पियास पियास।

संमदहि तिणका बरि गिणै स्वाति बूँद की आस।।

कबीर सुख कौ जाइ था, आगै आया दुख।

जाहि सुख घरि आपणै हम जाणें अरु दुख।।

P.T.O.

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

(ख) लोगे विचारा नींदई, जिन्ह न पाया ग्याँन।

राँम नाँव राता रहै, तिनहूँ, न भाव आँन।।

दोख पराये देखि करि, चल्या हसंत हसंत।

अपने च्यँति न आवई, जिनकी आदि न अंत।।

(ग) मनरे मन ही उलटि समाँना!

गुर प्रसादि अकलि भई तोकौं नहीं तर था बेगाँना।।

नेड़े थे दूरि दूर थैं नियरा, जिनि जैसा करि जाना।

औ लौ ठीका चढ़या बलीडै, जिनि पीया तिनि माना।।

उलटे पवन चक्र षट बेधा, सुन सुरति लै लागि।

अमर न मौ मै नहीं जीवै, ताहि खोजि बैरागी।।

अनभै कथा कवन सी कहिये, है कोई चतुर बिबेकी।

कहै कबीर गुर दिया पलीता, सौ झल बिरलै देखी।।

(घ) जौ मैं ग्याँन बिचार न पाया, तौ मैं यों ही जनम गँवाया।।

यह संसार हाट करि जानू, सबको बणिजण आया।

चेति सके सो चेतौ रे भाई, मूरिख मूल गँवाया।।

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

थाके नैंन बैंन भी थाके, थाकी सुंदर काया।

जाँमण मरण ए द्वै थाके, एक न थाकी माया।

चेति चेति भेरे मर चंचल, जब लग घट में सासा।

भगति जाव परभाव न जइयौ, हरि क चरन निवासा।।

2. कबीर का जीवन परिचय देते हुए उनकी प्रासंगिकता को रेखांकित कीजिए। (15)

अथवा

कबीर की साखी में प्रस्तुत विचारों पर प्रकाश डालिए।

3. भक्तिकाल की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि बताते हुए, कबीर के सांस्कृतिक विचारों से अवगत कराएं। (15)

अथवा

'कबीर अपने समय के सामाजिक परिस्थितियों से संघर्ष करते हैं' इस कथन के आलोक में सामाजिक परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए।

4. कबीर की भक्ति के स्वरूप का विवेचना कीजिए। (15)

अथवा

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

कबीर की लोकप्रियता ने किस प्रकार से समाज को दिशा देने का काम किया है।अपने विचार लिखिए।

5. किन्हीं **तीन** विषयों पर टिप्पणी लिखिए :- (3×7)

(क) कबीर का धर्म

(ख) कबीर का दर्शन

(ग) कबीर पंथ

(घ) कबीर की सधुक्कड़ी भाषा

(ङ) कबीर की समन्वयात्मक दृष्टि

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

[This question paper contains 2 printed pages.]

Your Roll No.....

Sr. No. of Question Paper : 5104 **K**

Unique Paper Code : 2052104701

Name of the Paper : Hindi Evam Anya Bhartiya Bhashein

Name of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi**

Semester : VII – DSC

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. भारत की भाषिक विविधता का विस्तृत परिचय दीजिए।

अथवा

शास्त्रीय भाषा की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए किन्हीं तीन शास्त्रीय भाषाओं का परिचय दीजिए। (18)

2. संविधान-सभा में भारतीय भाषाओं पर हुए विचार-विमर्श के मूल बिंदुओं की चर्चा कीजिए।

P.T.O.

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

अथवा

राजभाषा हिंदी की संवैधानिक स्थिति पर विस्तार से विचार कीजिए।

(18)

3. भारतीय भाषाओं और देवनागरी लिपि के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

भाषा एवं लिपि के अंतर्संबंधों की विस्तार से विवचेना कीजिए।

(18)

4. वि-उपनिवेशीकरण की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए भारतीय भाषाओं के वि-उपनिवेशीकरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।

अथवा

राष्ट्रीय स्वतंत्रता-आंदोलन में भारतीय भाषाओं के स्थान और योगदान को रेखांकित कीजिए। (18)

5. **किन्हीं दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) आधुनिक भारतीय भाषाएँ

(ख) संविधान में आठवीं अनुसूची की अवधारणा

(ग) प्रमुख भारतीय भाषाएँ और उनकी लिपियाँ

(घ) भारत का वर्तमान बहुभाषिक परिप्रेक्ष्य (9×2=18)

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

15

[This question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No.....

Sr. No. of Question Paper : 8785 **K**

Unique Paper Code : 2053100017

Name of the Paper : भारतेंदु हरिश्चन्द्र

Name of the Course : **BA (Hons.) Hindi – DSE**

Semester : VII

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :- (8×2=16)

(क) चूरन अमले सब जो खावै। दूनी रिश्वत तुरत पचावै।।
चूरन नाटक वाले खाते। इसकी नकल पचाकर लाते।।
चूरन सभी महाजन खाते। जिससे जमा हजम कर जाते।।
चूरन खाते लाला लोग। जिनको अकिल अजीरन रोग।।
चूरन खावै एडिटर जात। जिनके पेट पचौ नहिं बात।।
चूरन साहेब लोग जो खाता। सारा हिंद हजम कर जाता।।
चूरन पुलिस वाले खाते। सब कानून हजम कर जाते।।
ले चूरन का देर, बेचा टके सेर।

P.T.O.

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

अथवा

मानियों के आगे प्राण और धन तो कोई वस्तु ही नहीं है। वे तो अपने सहज सुभाव ही से सत्य और विचार तथा दृढ़ता में ऐसे बँधे हैं कि सत्पात्र मिलने या बात पड़ने पर उनको स्वर्ण का पर्वत भी तिल- सा दिखाई देता है। और उसमें भी हरिश्चंद्र. जिसका सत्य पर ऐसा स्नेह है जैसा भूमि, कोष, रानी और तलवार पर भी नहीं है। जो सत्यानुरागी ही नहीं है, भला उससे न्याय कब होगा? और जिसमें न्याय नहीं वह राजा ही काहे का है? कैसी भी विपत्ति और भय संकट पड़े और कैसी ही हानि या लाभ हो, पर जो न्याय न छोड़े, वही धीर और वही राजा और उस न्याय का मूल सत्य है।

(ख) मुझे तो उनकी सब गीतों में "बोलो प्यारी सखियाँ सीताराम राम राम" यही अच्छा मालूम हुआ। राह में मेला जहाँ पड़ा मिलता था वहा बारात का आनंद दिखलाई पड़ता था। खैर मै डाँक पर बैठा बैठा सोचता था कि काशी में रहते तो बहुत दिन हुए परंतु शिव आज ही हुए क्योंकि वृषभवाहन हुए। फिर अयोध्या याद आई कि हा! यह वही अयोध्या है जो भारतवर्ष में सबसे पहले राजधानी बनाई गई। इसी में महात्मा इक्ष्वाकु, मांधाता, हरिश्चंद्र, दिलीप, अज, रघु, श्री रामचंद्र हुए हैं और इसी के राजवंश के चरित्र में बड़े बड़े कवियों ने अपनी बुद्धिशक्ति की परिचालना की है। संसार में इसी अयोध्या का प्रताप किसी दिन व्याप्त था और सारे संसार के राजा लोग इसी अयोध्या की कृपाण से किसी दिन दबते थे वही अयाध्या अब देखी नहीं जाती।

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

अथवा

लिबरल लोगों की सभा भी बड़ी धूमधाम से जमती थी। किंतु इस सभा में दो दल हो गए थे, एक जो केशव की विशेष स्तुति करते, दूसरे वे जो दयानन्दु को विशेष आदर देते थे। कोई कहता, अहा धन्य दयानन्द जिसने आर्यावर्त के निंदित आलसी मूर्खों की मोह-निद्रा भंग कर दी। हजारों मूर्खों को ब्राह्मणों के (जो कंसरवेटिवों के पादरी और व्यर्थ प्रजा का द्रव्य खाने वाले हैं) फंदे से छुड़ाया। बहुतों को उद्योगी और उत्साही कर दिया। वेद में रेल, तार, कमेटी, कचहरी दिखाकर आर्यों की कटती हुई नाक बचा ली। कोई कहता, धन्य केशव! तुम साक्षात दूसरे केशव हो। तुमने बंग देश की मनुष्य नदी के उस वेग को, जो क्रिश्चन समुद्र में मिल जाने को उच्छलित हो रहा था, रोक दिया। ज्ञानकर्म का निरादर करके परमेश्वर का निर्मल भक्ति-मार्ग तुमने प्रचलित किया।

2. हिंदी नवजागरण को परिभाषित करते हुए इस युग में भारतेंदु हरिश्चंद्र के साहित्यिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालिए। (15)

अथवा

भारतेंदु युग को 'राष्ट्रीय चेतना का प्रारम्भिक युग' कहा जाता है - इस कथन के आलोक में भारतेन्दुयुगीन परिस्थितियों की विवेचना कीजिए।

P.T.O.

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

3. भारतेंदु की "गंगा वर्णन" कविता में अभिव्यक्त धार्मिक भावना एवं राष्ट्रीय चेतना के समन्वय पर विस्तार से चर्चा कीजिए। (15)

अथवा

हास्य-व्यंग्य की दृष्टि से भारतेंदु की मुकरियाँ सामाजिक विसंगतियों को उजागर करती हैं, स्पष्ट करें।

4. भारतेंदु कृत 'अंधेर नगरी' नाटक की मूल संवेदना लिखिए। (15)

अथवा

'सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक की तात्विक समीक्षा कीजिए।

5. 'दिल्ली दरबार दर्पण' निबन्ध की मुख्य विशेषताएँ लिखिए। (15)

अथवा

'नाटक' निबन्ध के आधार पर भारतेंदु की नाट्य-दृष्टि का विश्लेषण कीजिए।

6. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : (7×2=14)

(क) भारतेंदु हरिश्चन्द्र का रचना संसार

(ख) भारतेंदु के दोहों में निहित संदेश

(ग) सत्य हरिश्चन्द्र नाटक का सार

(घ) 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है?' निबन्ध का उद्देश्य

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

[This paper contains 02 printed pages.]
Sr. No of Question Paper: 5461
Unique Paper Code : 2053102002
Name of Paper : Rashtriya Sanskritik Kavyadhara
Name Of Course : B.A. : Hindi DSE
Semester : III

Duration: 03 Hours

Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश :
इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए
सभी प्रश्न अनिवार्य हैं.

1.निम्नलिखित अवतरणों की सप्रंग व्याख्या कीजिए : (10 ×3) = 30

(क) सूखत धान परा पानी सब धरा हरष के फूल उठी।
दीन किसान प्रसन्न अन्न अब पावैंगे दो चार मुठी॥
धन! धन! दीनदयाल तुम्हारी दया का पारावार नहीं।
कर दिया लहर बहर छिन भर में रहा न दुःख का नाम कहीं॥
ठहर गयी बाज़ार, दहल गए निठुर सभी गल्लेवाले।
रह गये लोग लोभ सब बह गए, भए अकाल के मुँह काले॥

अथवा

शिल्प कला सम्यक् प्रकार उन्नतकर शीघ्र प्रचारो।
निज व्यापर अपार प्रसार करो करो जग यश विस्तारो॥
आवश्यक समाज संशोधन करो न देर लगाओ।
हुए नवीन सभ्य औरों से अपने को न हँसाओ॥
अपनी जाति वस्तु अपने आचार देश भाषा से।
रक्खो प्रीति रीति निज धर्म्म वेष पर अति ममता से॥

(ख) रण-चण्डी को पिला दिया
शोणित-मदिरा का प्याला।
बड़वानल सी धधका दी थी
क्रोधानल की ज्वाला॥
उसके एक इशारे पर
वीरों ने ले ली तलवारें
पर्वत-रथ रंग दिए रक्त से,
ले शत-शत खरधारें॥
गूँज रही जावर-माला में
उसकी अमर कहानी।
आज तक हल्दीघाटी के पथ
पर है समर-निशानी॥

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

अथवा

भूषन अथवा कवि चन्द नहीं,
बिजली भर दे वह छन्द नहीं,
है कलम बँधी, स्वछन्द नहीं
फिर हमें बतावे कौन? हन्त!
वीरों का कैसा हो वसंत?

(ग) कवि, कुछ ऐसी तान सुनाओ, जिससे उथल पुथल मच जाए!
एक हिलोर इधर से आए, एक हिलोर उधर से आए,
प्राणों के लाले पड़ जाएँ, त्राहि-त्राहि स्वर नभ में छाए,
नाश और सत्यानाशों का धुआँधार जग में छा जाए,
बरसे आग, जलद जल जाएँ, भस्मसात् भूधर हो जाएँ:
पाप पुण्य सदसद् भावों की धूल उड़ उठे दाएँ बाएँ।

अथवा

वह सुनो ,सत्य चिल्लाता है ले मेरा नाम अँधेरे में,
करुणा पुकारती है मुझको आबद्ध घृणा के घेरे में।
श्रद्धा, मैत्री, विश्वास, प्रेम, बन्दी हैं मेरे सभी लोग,
धिक्कार मुझे जो सहूँ किसी के भय से मैं इनका वियोग।

(2) राष्ट्रीय-सांस्कृतिक काव्यधारा की अवधारणा स्पष्ट कीजिए। (15)

अथवा

राष्ट्रीय-सांस्कृतिक काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

(3) 'आनंद अरुणोदय' कविता के आधार पर देशवासियों के लिए सुझाए गए आचरण सम्बन्धी निर्देशों का उल्लेख कीजिए। (15)

अथवा

'यह है भारत देश हमारा' कविता के आधार पर भारत के वैभव विचार कीजिए।

(4) 'वृद्ध भारतवर्ष ही संसार का सिरमौर है'- भारत-भारती के अतीत खण्ड के आधार पर मैथिलीशरण गुप्त के इस कथन पर विचार कीजिए। (15)

अथवा

'आजादी के फूलों पर जय-जय' कविता में आजादी के फूल कौन हैं? कवि की उनसे क्या अपेक्षाएँ हैं?

(5) 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' कविता के आधार पर भारत की प्राकृतिक सुषमा का वर्णन कीजिए। (15)

अथवा

'बापू' कविता के आधार पर महात्मा गाँधी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

17

[This question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No.....

Sr. No. of Question Paper : 12898 **K**

Unique Paper Code : 2055201001

Name of the Paper : Hindi Bhasha Aur Sahitya (A)

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Hindi**

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (8×3=24)

(क) बिनु देबे उपजै नहीं आसा, जो दीसै सो होई बिनासा
बरन सहित जो जाये नामु, सो जोगी केवल निहकानु
परचौ रामु रवै जो कोई, पारसु परसै दुबिधा न होई
सो मुनि मन की दुबिधा पाई, बिनु दुआरे त्रैलोक समाई
मन का सुभाउ सभु कोई करे, करता होई सु अनभे रहे

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

अथवा

गरुड़ को दावा जैसे नाग के समूह पर,
दावा नगजुह पर सिंहसिरताज को
दावा पुरहुत को पहारन के कुल पर
दावा सबै पच्छिन के गोल पर बाज को
भूषण अखंड नवखंड महिमंडल में
तम पर दावा रबिकिरन समाज को
पूरब पछाँह देस दच्छिन ते उत्तर लौं
जहाँ पातसाही तहाँ दावा सिवराज को

(ख) कहत, नटत, रीझत, खीझत, मिलत, खिलत लजियात
भरे भौंन में करत हैं नैनन हीं सौ बात
जोग जुगति सिखए सबै मनौ महामुनि मैन
चाहत पिय अद्वैत ता काननु सेवत नैन

अथवा

यह क्या, कि उस आंगन सुने थे, वे सजीले मृदुल रुम झुन
यह क्या, कि इस वीथी तुम्हारे तोतले बोल फूटे
यह क्या, कि इस वैभव बने थे, चित्र हँसते और रूठे
आज यादों का खजाना, याद भर रह जायेगा क्या?
यह मधुर प्रत्यक्ष, सपनों के बहाने जायेगा क्या?

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

(ग) हिमाद्रि तुंग श्रृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती
स्वयं प्रभा समुज्ज्वला स्वतंत्रता पुकारती-
अमर्त्य वीर पुत्र हो दृढ़-प्रतिज्ञ सोच लो
प्रशस्त पुण्य पन्थ है-बढ़े चलो-बढ़े चलो

अथवा

शत-शत निर्झर निर्शरिणी कल
मुखरित देवदास कानन में
शोणित धवल भोजपत्रों से
छाई हुई कुटी के भीतर,
रंग बिरंगे और सुगंधित
फूलों से कुन्तल को साजे
इंद्रनिल की माला डाले
शंख सरीखे सुघड़ गलों में
कानों में कुवलय लटकाए
शतदल लाल कमल वेणी में
रचित रचित मणि खचित कलामय

2. हिंदी के विकास क्रम को स्पष्ट कीजिए। (12)

अथवा

"संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की भूमिका - इस विषय पर लेख लिखिए।

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

3. वीरगाथकाल की विशेषताएँ लिखिए। (12)

अथवा

भारतेंदु युग की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

4. रैदास की भक्ति भावना का परिचय दीजिये। (12)

अथवा

भूषण वीर रस के कवि हैं - स्पष्ट कीजिए।

5. बिहारी का साहित्यिक परिचय लिखिए (12)

अथवा

'हिमाद्री तुंग श्रृंग से' कविता में निहित राष्ट्रीय चेतना का विवेचन कीजिए।

6. किन्ही **तीन** पर टिप्पणी लिखिए : (6×3=18)

(क) माखनलाल चतुर्वेदी

(ख) छायावाद

(ग) राम काव्य

(घ) 'बेटी की विदाई' की मूल संवेदना

(ङ) कृष्ण काव्यधारा

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

(18)

T-054 = 03 - 32
06 = 26

[This question paper contains 8 printed pages.]

Your Roll No.....

Sr. No. of Question Paper : 12622 **K**

Unique Paper Code : 2055002011

Name of the Paper : Hindi Gadya : Udbhav aur Vikas (A)

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Hindi**

Semester : III

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित अंशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- (8+8+8=30)

(क) अलोपीदीन ने जिस सहारे को चट्टान समझा वह पैरों के नीचे खिसकता हुआ मालूम हुआ। स्वाभिमान और धन ऐश्वर्य को कड़ी

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

P.T.O.

12622

चोट लगी। किंत अभी तक धन की सांख्यिक शक्ति का पूरा भरोसा था। अपने मुख्तार से बोले, लाला जी एक हजार के नोट बाबू साहब की भेंट करो। इस समय भूखे सिंह हो रहे हैं। वंशीधर ने गरम होकर कहा, एक हजार नहीं, एक लाख भी मुझे सच्चे मार्ग से नहीं हटा सकते। धर्म की इस बुद्धिहीन दृढ़ता और देव-दुर्लभ त्याग पर मन बहुत झुंझलाया। अब दोनों शक्तियों में संग्राम होने लगा। धन ने उछल-उछलकर आक्रमण करने शुरू किये। एक से पाँच, पाँच से दस, दस से पंद्रह और पंद्रह से बीस हजार तक नौबत पहुँची, किन्तु धर्म अलौकिक वीरता के साथ इस बहुसंख्यक सेना के सम्मुख अकेला पर्वत की भाँति अटल, अविचलित खड़ा था।

अथवा

मलबे में अब मिट्टी-ही-मिट्टी थी जिसमें से जहाँ-तहाँ टूटी और जली हुई ईंटें बाहर झाँक रही थीं। लोहे और लकड़ी का सामान उसमें से कब का निकाला जा चुका था। केवल एक जले हुए

दरवाजे का चौखट न जाने कैसे बचा रह गया था। पीछे की तरफ दो जली हुई अलमारियाँ थीं जिनकी कालिख पर अब सफेदी की हल्की-हल्की तह उभर आई थीं। उस मलबे को पास से देखकर गनी ने कहा, ष्यह बाकी रह गया है, यह? और उसके घुटने जैसे जवाब दे गए और वह वहीं जले हुए चौखट को पकड़कर बैठ गया। क्षण-भर बाद उसका सिर भी चौखट से जा सटा और उसके मुँह से बिलखने की-सी आवाज निकली, "हाय ओए चिरागदीना!" जले हुए किवाड़ का वह चौखट मलबे में से सिर निकाले साढ़े सात साल खड़ा तो रहा था, पर उसकी लकड़ी बुरी तरह भुरभुरा गई थी। गनी के सिर के छुने से उसके कई रेशे झड़कर आसपास बिखर गए।

(ख) अनुभूति के द्वंद्व ही से प्राणी के जीवन का आरंभ होता है। उच्च प्राणी मनुष्य भी केवल एक जोड़ी अनुभूति लेकर इस संसार में आता है। बच्चे के छोटे से हृदय में पहले सुख और दुःख की सामान्य अनुभूति भरने के लिए जगह होती है। पेट का भरा या खाली रहना ही ऐसी अनुभूति के लिए पर्याप्त होता है। जीवन

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

के आरंभ में इन्हीं दोनों के विरुद्ध हँसना और रोना देखे जाते हैं पर ये अनुभूतियाँ बिलकुल सामान्य रूप में रहती हैं, विशेष-विशेष विषयों की ओर विशेष-विशेष रूपों में ज्ञानपूर्वक उन्मुख नहीं होतीं।

अथवा

राम तो वन से लौट आए, सीता को लक्ष्मण फिर निर्वासित कर आए, पर लोकमानस में राम की बनयात्रा अभी नहीं रूकी। मुकुट, दुपट्टे और सिंदूर के भीगने की आशंका अभी भी साल रही है। कितनी अयोध्याएँ बसीं, उजड़ीं, पर निर्वासित राम की असली राजधानी, जंगल का रास्ता अपने काँटों कशों, कंकड़ों पत्थरों की बैसी ही ताजा चुभन लिये हुए बरकरार है, क्योंकि जिनका आसरा साधारण गँवार आदमी भी लगा सकता है, वे राम तो सदा निर्वासित ही रहेंगे और उनके राजपाट को सम्भालने वाले भरत अयोध्या के समीप रहते हुए भी उनसे भी अधिक निर्वासित रहेंगे, निर्वासित ही नहीं, बल्कि एक कालकोठरी में बंद जिलावतनी की तरह दिन बिताएँगे।

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

(ग) भाग्य! भाग्य तो सबके होता है, धाय माँ! ये नूपुर मेरे पैरों में पड़े हैं तो इनका भी भाग्य है। मेरे पैरों की गति में गीत गाते हैं, तो वह भी इनका भाग्य है। मेरे आगमन का संदेश पहले ही पहुँचा देते हैं, तो ये मौन हो जाते हैं, वह भी इनका भाग्य है। भाग्य तो सबके होता है, धाय माँ! तुम नगर के उत्सव में भाग नहीं ले रही हो, न लो। महाराज बनवीर का साथ नहीं दे रही हो, न दो। मैं कौन होती हूँ बीच में बोलनेवाली?

अथवा

जब स्त्री का व्यक्तित्व उसके पति से स्वतंत्र नहीं माना जाता था तब वे कहती हैं, 'मनुष्य की आत्मा स्वतंत्र है। फिर चाहे यह स्त्री शरीर के अंदर निवास करती हो चाहे पुरुष-शरीर के अंदर। इसी से पुरुष और स्त्री का अपना-अपना व्यक्तित्व अलग रहता है।' जब समाज और परिवार की सत्ता के विरुद्ध कुछ कहना अधर्म माना जाता था तब वे कहती हैं, 'समाज और

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

परिवार व्यक्ति को बँधन में बाँधकर रखते हैं। ये बँधन देशकालानुसार बदलते रहते हैं और उन्हें बदलते रहना चाहिए बरना वे व्यक्तित्व के विकास में सहायता करने के बदले बाधा पहुँचाने ने लगते हैं। बँधन कितने ही अच्छे उद्देश्य से क्यों न नियत किए गए हों, हैं बँधन ही, और जहाँ बँधन है वहाँ असंतोष है तथा क्रांति है।'

2. हिंदी गद्य के विकास की संक्षिप्त परिचय दीजिए। (15)

अथवा

आधुनिक हिंदी गद्य साहित्य में निबंध विधा का महत्व स्पष्ट कीजिए। 5.

3. 'नमक का दरोगा' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए। (15)

अथवा

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

'मलबे का मालिक' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए

4. 'भाव और मनोविकार' निबंध का मुख्य उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। (15)

अथवा

"मेरे राम का मुकुट भीग रहा है" निबंध का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए।

'सुभद्रा' संस्मरण में नारी-जीवन की करुणा और संवेदना का मार्मिक चित्रण हुआ हैश, इस कथन पर विचार कीजिए। (15)

अथवा

'दीपदान' नाटक में विद्यमान सामाजिक संदेश को रेखांकित कीजिए।

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

6. निम्नलिखित में से किसी एक पर टिप्पणी लिखिए –

(क) रेखाचित्र और संस्मरण में अंतर

(ख) एकांकी और नाटक में अंतर

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

This question paper contains 4 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **14156**

Unique Paper Code : **2052202301**

Name of the Paper : **हिंदी कथा साहित्य**

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Hindi Discipline**

Type of Paper : **DSE-5**

Semester : **III**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **90**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10+10+10=30

(क) शैलमाला के अंचल में समतल उर्वरा भूमि से सोंधी बास उठ रही थी। नगर-तोरण से जयघोष हुआ, भीड़ में गजराज का चामधारी शुण्ड उन्नत दिखाई पड़ा। वह हर्ष और उत्साह का समुद्र हिलोर भरता हुआ आगे बढ़ने लगा। प्रभात की हेम किरणों से अनुरंजित नन्हीं नन्हीं बूंदों का एक झोंका स्वर्ण मल्लिका के समान बरस पड़ा। मंगल सूचना से जनता ने हर्ष ध्वनि की। रथों, हाथियों और अश्वारोहियों की पंक्ति थी। दर्शकों की भीड़ भी कम न थी।

अथवा

"हाँ बेटा, हमारे देश की माताएँ आवश्यकता पड़ने पर मुसकराती हुई भस्म हो जाने में अपना सौभाग्य समझती हैं। खैर, कहानी सुनो। जब प्रायः सभी औरतें अग्निकुंड में कूद पड़ीं और

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

14156

अंगारों के विमान पर बैठकर स्वर्ग की ओर चल पड़ीं, तब राजपूतों की बची-खुची विकट वाहिनी किले के बाहर हुई। उस सेना का प्रत्येक सैनिक केसरिया बाने से सजा था।" "दुर्ग के बाहर सेना दो टुकड़ी में बाँट दी गई। एक आग की संरक्षता में बच्चे एक सुरक्षित स्थान की ओर भेजे गए और दूसरा भाग असावधान विपक्ष सेना पर 'हर-हर महादेव!' पुकारकर टूट पड़ा।

(ख) हिन्दुस्तान-पाकिस्तान की अनुमानित सीमा के पास एक गाँव में कई सौ मुसलमानों ने सिक्खों के गाँव में शरण पाई। अंत में जब आस-पास के गाँव के और अमृतसर शहर के लोगों के दबाव ने उस गाँव में उनके लिए फिर आसन्न संकट की स्थिति पैदा कर दी, तब गाँव के लोगों ने अपने मेहमानों को अमृतसर स्टेशन पहुँचाने का निश्चय किया जहाँ से वे सुरक्षित मुसलमान इलाके में जा सकें, और दो-ढाई सौ आदमी किरपानें निकालकर उन्हें घेर में लेकर स्टेशन पहुँचा आये—किसी को कोई क्षति नहीं पहुँची—घटना सुनकर रफ़ीकुद्दीन ने कहा, "आखिर तो लाचारी होती है, अकेले इनसान को झुकना ही पड़ता है।"

अथवा

खाली क्षणों में उनसे घर में टिका न जाता। कवि प्रकृति के न होने पर भी उन्हें पत्नी की स्नेहपूर्ण बातें याद आती रहतीं। दोपहर में गर्मी होने पर भी, वह दो बजे तक आग जलाए रहती और उनके स्टेशन से वापस आने पर गरम-गरम रोटियाँ सेंकती, उनके खा चुकने और मना करने पर भी थोड़ा-सा कुछ और थाली में परोस देती और बड़े प्यार से आग्रह करती। जब वह थके-हारे बाहर से आते, तो उनकी आहट पा वह रसोई के द्वार पर निकल आती और उनकी सलज्ज आँखें मुस्करा उठतीं। गजाधर बाबू को तब हर छोटी बात भी याद आती और वह उदास हो उठते "अब कितने वर्षों बाद वह अवसर आया था, जब वह फिर उसी स्नेह और आदर के मध्य रहने जा रहे थे।"

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

(ग) जालपा कई मिनट तक सड़क पर निस्पंद-सी खड़ी रही। उन्हें कैसे रोक लूँ। इस वक्त वह कितने दुखी हैं, कितने निराश हैं ! मेरे सिर पर न जाने क्या शैतान सवार था कि उन्हें बुला न लिया। भविष्य का हाल कौन जानता है। न जाने कब भेंट होगी। विवाहित जीवन के इन दो-ढाई सालों में कभी उसका हृदय अनुराग से इतना प्रकंपित न हुआ था। विलासिनी रूप में वह केवल प्रेम आवरण के दर्शन कर सकती थी। आज त्यागिनी बनकर उसने उसका असली रूप देखा, कितना मनोहर, कितना विशुद्ध, कितना विशाल, कितना तेजोमय। विलासिनी ने प्रेमोद्यान की दीवारों को देखा था, वह उसी में खुश थी।

अथवा

क्वार का महीना लग चुका था। मेघ के जल-शून्य टुकड़े कभी-कभी आकाश में दौड़ते नजर आ जाते थे। जालपा छत पर लेटी हुई उन मेघ-खंडों की किलोलें देखा करती। चिंता व्यथित प्राणियों के लिए इससे अधिक मनोरंजन की और वस्तु ही कौन है ? बादल के टुकड़े भाँति-भाँति के रंग बदलते, भाँति-भाँति के रूप भरते, कभी आपस में प्रेम से मिल जाते, कभी इंठकर अलग-अलग हो जाते, कभी दौड़ने लगते, कभी ठिठक जाते। जालपा सोचती, रमानाथ भी कहीं बैठे यही मेघ-क्रीड़ा देखते होंगे।

2. कहानी की संरचना में शिल्प के महत्व पर विचार कीजिए। 18

अथवा

उपन्यास के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए उसकी विकास यात्रा पर चर्चा कीजिए।

3. 'पुरस्कार' कहानी का सार अपने शब्दों में लिखिए। 14

अथवा

'ऐसी होली खेलो लाल' की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए।

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY

4. 'शरणदाता' कहानी की मूल संवेदना पर विचार कीजिए। 14

अथवा

'वापसी' कहानी की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए।

5. 'गबन' उपन्यास की तत्वों के आधार पर समीक्षा कीजिए। 14

अथवा

'गबन' उपन्यास के आधार पर रतन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

कालिन्दी महाविद्यालय पुस्तकालय
KALINDI COLLEGE LIBRARY